

### भारतीयों में सिर्फ सिंधु का नाम

फोर्ब्स की सबसे अधिक भुगतान पाने वाली महिला एथलीटों में जिमनास्ट सिमोन बाइल्स (चौथे) और गोल्फर जिन यंग को और नेली कोर्डा (क्रमशः छठे और नौवें) शामिल हैं। बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु (सातवें) और बास्केटबॉल ऐस कैंडेस पार्कर (दसवें) ने भी सूची में जगह बनाई।

## दुनिया की सबसे अमीर महिला ऐथलीट नाओमी ओसाका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। जापानी टेनिस सनसनी नाओमी ओसाका दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली महिला ऐथलीट बन गई हैं। प्रतिष्ठित मैग्जीन फॉर्ब्स ने दुनिया के 13वीं रैंकिंग की प्लेयर की पिछले साल यानी 2021 की कमाई 57.3 मिलियन डॉलर आंकी है। पूर्व वर्ल्ड नंबर वन ने 55 मिलियन डॉलर विज्ञापन, स्पॉन्सरशिप से मिले। 2.3 मिलियन डॉलर की कमाई प्राइज मनी से आई। याद हो कि नाओमी ने बीते साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब अपने नाम किया था।

**टहप-१० में पांच टेनिस खिलाड़ीः** नाओमी ओसाका के बाद उनकी अमेरिकी प्रतिद्वंद्वि सेरेना विलियम्स का नाम आता है। जिन्होंने 45.9 मिलियन डॉलर कमाए। तीसरे नंबर पर सेरेना की ही छोटी बहन वीनस विलियम्स हैं, जिन्होंने 2021 में 11.3 मिलियन डॉलर की कमाई की। डब्ल्यूटीए फाइनल्स चैम्पियन गारबाइन मुगुरुजा 8.8 मिलियन डॉलर के साथ सूची में पांचवें स्थान पर हैं जबकि विश्व की नंबर 1 एश्ले बार्टी आठवें स्थान पर रहीं।

# आपसे ऐसी उम्मीद नहीं थी ऐसे में कैसे बनोगे रोल मॉडल

**क्रिकेट**

## डीआरएस के फैसले के खिलाफ विराट कोहली की प्रतिक्रिया अपरिपक्व

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान डीआरएस के फैसले के खिलाफ विराट कोहली की प्रतिक्रिया अपरिपक्व थी। बाएं हाथ के पूर्व ओपनर ने साथ ही कहा कि इतनी अतिरंजित प्रतिक्रिया से भारतीय कप्तान कभी युवाओं के रोल मॉडल नहीं बन सकेंगे।

कोहली, उपकप्तान केएल राहुल और ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने विरोधी कप्तान डीन एल्गर को एलबीडब्ल्यू आउट नहीं देने के डीआरएस के विवादित फैसले के बाद अंपायरिंग और तकनीक को लेकर स्टम्प माइक पर अपमानजनक टिप्पणियां की।

गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा , यह बहुत बुरा था। स्टम्प माइक के पास जाकर कोहली ने जिस



तरह से प्रतिक्रिया दी, वह अपरिपक्व था। एक अंतरराष्ट्रीय कप्तान, एक भारतीय कप्तान से ऐसी उम्मीद नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि पहले टेस्ट में मयंक अग्रवाल को भी इस तरह से जीवनदान मिला था लेकिन दक्षिण अफ्रीका के कप्तान ने ऐसी प्रतिक्रिया नहीं दी। उन्होंने कहा , तकनीक आपके हाथ में नहीं है। मयंक अग्रवाल के मामले में ऐसा लग रहा था कि वह आउट है लेकिन एल्गर ने उस तरह से प्रतिक्रिया नहीं दी। गंभीर ने कहा ,आप भले ही कहें कि वह जज्बाती खिलाड़ी है लेकिन इस तरह की प्रतिक्रिया अतिरंजित है। ऐसे में आप रोल मॉडल नहीं बन सकते। कोई उदीयमान क्रिकेटर इस तरह की प्रतिक्रिया नहीं देखना चाहेगा, खासकर भारतीय कप्तान से।

उन्होंने कहा , इस टेस्ट मैच का नतीजा कुछ भी हो लेकिन इतने लंबे समय से टीम की कप्तानी कर रहे टेस्ट कप्तान से ऐसी अपेक्षा नहीं की जाती। उम्मीद है कि राहुल द्रविड़ उनसे बात करेंगे क्योंकि द्रविड़ जिस तरह के कप्तान थे, वह कभी ऐसी प्रतिक्रिया नहीं देते।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज डेरिल कुलीनन ने भी कोहली की निंदा करते हुए कहा , वह हमेशा से ऐसा करता आया है। वह मनमाना बर्ताव करता है। बाकी क्रिकेट जगत उसके आगे नतमस्तक हो जाता है। भारत महाशक्ति है। ऐसा वर्षों से होता आ रहा है। भारतीयों को कोई छू नहीं सकता सो सभी हंसी में टाल देते हैं। उन्होंने कहा, मुझे विराट कोहली पसंद है। उनका खेल पसंद है लेकिन आचरण की कोई मर्यादा होनी चाहिए। वह लंबे समय से ऐसा बर्ताव करता आया है जो क्रिकेट के मैदान पर अस्वीकार्य है। लेकिन वह कोहली है और मुझे यह पसंद नहीं है। उसे दंड मिलना चाहिए।

# कोहली को उनके व्यवहार के लिए कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टेस्ट कप्तान विराट कोहली एक बार फिर से डीन एल्गर डीआरएस विवाद मामले में सुर्खियों में आ गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर से जुड़े डीआरएस विवाद में गुरुवार को कोहली ने अपना आपा खो दिया और स्टंप–माइक पर कुछ भद्दे कमेंट किए। कई पूर्व क्रिकेटरों ने कोहली के व्यवहार के लिए उन पर निशाना साधा है और अब दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज डेरिल कलिनन ने इस मामले पर निराशा जाहिर की और उनका मानना है कि विराट कोहली लंबे समय से मैदान पर इस तरह के व्यवहार के लिए हमेशा ही अदंडित रह जाते हैं।

दरअसल आर अश्विन की गेंद

**भारत और भारत के लिए खेलने वालों के लिए बड़ा झटकाः एल्गर**

डीन एल्गर की पैड पर लगी और अपील के बाद फील्ड अंपायर ने उन्हें आउट करार दिया। फिर एल्गर ने डीआरएस लिया और उसमें अंपायर के फैसले को पलट दिया गया और उन्हें नाटआउट करार दिया गया। डीआरएस में पता चला कि गंद स्टंप पर ना लगते हुए ऊपर से जा रही है। इसके बाद विराट कोहली ने अपना गुस्सा जाहिर करते हुए स्टंप माइक पर कहा कि अपनी टीम पर भी ध्यान दें ना कि सिर्फ विपक्ष पर। इसके अलावा उन्होंने ब्राडकास्टर सुपरस्पोर्ट का मजाक उड़ाते हुए कहा कि वो मेजबानों की मदद के लिए वो सबकुछ कर रहे हैं जो कर सकते हैं।

कलिनन ने इस घटना पर रोष जाहिर करते हुए कहा कि कोहली के बारे में कहा कि ये कोई पहली घटना नहीं है, लेकिन सच्चाई ये है कि भारतीय कप्तान विराट कोहली को कभी उनके इस तरह के व्यवहार को दोहराने के लिए दंडित नहीं किया जा रहा है।

कलिनन ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से बात करते हुए कहा कि ये विराट कोहली अनटचेबल है। वो जिस तरह का व्यवहार करना चाहता है वैसा ही करता है। बाकी क्रिकेट जगत विराट कोहली के आगे नतमस्तक है क्योंकि भारत शक्ति का केंद्र है। मुझे यह कहने से नफरत है, लेकिन ये कई साल से चल रहा है। ये भारत और भारत के लिए खेलने वालों के लिए बड़ा झटका है। वो अनटचेबल हैं और इस वजह से हर कोई उन पर हंसेगा।

## केकेआर के साथ जुड़े भारतीय टीम के पूर्व बॉलिंग कोच भरत अरुण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण इंडियन प्रीमियर लीग की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ जुड़े हैं। आईपीएल के 15वें सीजन के लिए टीम ने उन्हें गेंदबाजी कोच बनाया है। कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से जारी बयान में कहा गया, श्हम भरत अरुण को हमारी टीम के साथ जुड़ने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। केकेआर के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर वैंकी मैसूर ने कहा, श्वह केकेआर से मजबूत सपोर्ट स्टाफ के लिए बेशुमार अनुभव और विशेषज्ञता लेकर आएंगे। अरुण मध्यम तेज गति के गेंदबाज थे। उन्होंने 1986–87 के बीच भारत लिए दो टेस्ट और चार वनडे इंटरनैशनल मैच खेले। उन्हें कोचिंग का काफी लंबा अनुभव है। वह भारतीय टीम के साथ दो बार जुड़े। पहले 2014 से 2105 तक और इसके बाद 2017 से 2021 टी20 वर्ल्ड कप समाप्त होने तक। भारतीय टीम के साथ जुड़ने से पहले वह 2012 में अंडर–19 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम के साथ रहे। वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में भी टीम के साथ रहे।

## न्यूज डायरी



### अजिंक्य रहाणे को फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेलने की जरूरत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टेस्ट टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में एक–दो मौकों को छोड़कर हर बार निराश किया। केपटाउन टेस्ट मैच की दूसरी पारी में जब टीम को रन की जरूरत थी तब भी वो एक रन बनाकर आउट हो गए। रहाणे की खराब बल्लेबाजी को लेकर उनकी काफी आलोचना की जा रही है। अब उन्हें लेकर पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने भी अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वो अब अजिंक्य रहाणे को एक भी पारी में मौका नहीं देना चाहेंगे क्योंकि वो लगातार ही रन बनाने में नाकामयाब हो रहे हैं। संजय मांजरेकर ने अजिंक्य रहाणे के बारे में बात करते हुए ईएसपीएन क्रिकइंफो पर कहा कि अजिंक्य रहाणे का फार्म काफी खराब है और गेंदबाज भी उन्हें अच्छी गेंद डाल रहे हैं। जाहिर है जब उनका फार्म खराब है तो उन्हें आउट करने के लिए गेंदबाजों को ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ रही है।

### चार बार का चैंपियन है भारत, क्या है ताकत और कमजोरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जॉर्जटाउन। वेस्टइंडीज में आज से शुरू हो रहे अंडर–19 वर्ल्ड कप में भविष्य के सितारों को अपनी चमक बिखेरने का मौका मिलेगा। यही वह प्लेटफॉर्म है जहां से युवाओं को सीनियर टीम में अपनी दावेदारी पक्की करने के लिए हुनर दिखाने का सबसे अच्छा मौका मिलता है। बहरहाल, चार बार की चैंपियन भारतीय टीम एक बार फिर खिताब की प्रबल दावेदार होगी। भारत को ग्रुप–बी में रखा गया है जबकि ऑस्ट्रेलिया ग्रुप–डी में है। दो साल पहले भारत को हराकर पहली बार अंडर–19 खिताब जीतने वाली बांग्लादेश ग्रुप–ए में है। दो बार की विजेता पाकिस्तान और अफगानिस्तान ग्रुप सी में है। मेजबान वेस्टइंडीज का सामना आज पहले दिन ऑस्ट्रेलिया से होगा जबकि स्कॉटलैंड की टक्कर श्रीलंका से होगी। भारत को पहला मैच शनिवार को साउथ अफ्रीका से गयाना में खेलना है। टूर्नामेंट के बायो बबल का उल्लंघन अभी तक नहीं हुआ है, लेकिन पाकिस्तान और जिंबाब्वे की टीमों में कोरोना संक्रमण के मामले आए हैं।

### जब शतकवीर रिषभ पंत ने अपने बल्ले से मांगी माफी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली।। केपटाउन खेले जा रहे तीसरे और आखिरी टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत ने शानदार शतक जड़ा। एक तरफ जहां टीम इंडिया के अन्य बल्लेबाज अफ्रीकी गेंदबाजों के सामने जूझते दिखे, तो वहीं बाएं हाथ के इस बल्लेबाज निडड़क बल्लेबाजी की और छह चौके और चार छक्के लगाए। इस पारी के दम पर टीम इंडिया ने मेजबान टीम को 212 रनों का लक्ष्य दिया। दूसरी पारी टीम इंडिया 198 रनों पर आल आउट हो गई। पंत ने नाबाद 98 रनों की पारी खेली। इस पारी के दौरान विकेटकीपर बल्लेबाज एक बार बल्ले से श्माफीश मांगते हुए दिखे। मामला 60वें ओवर का है। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डुआने ओलिविएर गेंदबाजी कर रहे थे। पंत ने इस ओवर में कदमों का इस्तेमाल करते हुए जोरदार शाट लगाने की कोशिश की।

### डेविड वार्नर ने टेस्ट में शून्य पर आउट होने के मामले में बनाया नया रिकार्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। एशेज टेस्ट सीरीज 2021–22 के पांचवें मैच की पहली पारी में आस्ट्रेलिया के ओपनर बल्लेबाज डेविड वार्नर ने अपना विकेट बिना खाता खोले ही गंवा दिया। डेविड वार्नर ने इस मैच में 22 गेंदों का सामना किया और इस दौरान वो एक भी रन बनाने में कामयाब नहीं रहे। अंत में ओली राबिन्सन की गेंद पर वो अपना कैच जैक क्राउली को थमा बैठे। आस्ट्रेलियाई ओपनर वो शून्य पर आउट होने के मामले में दूसरे नंबर पर आ गए हैं। आस्ट्रेलिया की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में बतौर ओपनर बल्लेबाज सबसे ज्यादा बाद शून्य पर आउट होने के मामले में डेविड वार्नर दूसरे नंबर पर आ गए हैं।